(च) ब्यौरा निम्नानुसार है:-

(लाख रुपये)

माध्यम	1990-91	1991-92	1992-93
समाचार पत्र/प्रैस	162.7	215.7	112.1
टीवी/रेडियो	19.13	21.1	29.52
सूचना पत्रिकाएं अन्य माध्यम	27.8	33.7	53.0
	93.3	104.2	109.7
योग :	302.93	374.7	295.32

(ङ) और (च) पता लगाये गये क्षेत्रों में परिवहन, सिचाई, डीजल पंपसैट, डीजल जनरेटिंग सैट, ट्रैक्टर इत्यादि शामिल हैं । देश में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र में पेट्रोल और डीजल की खपत के बारे में अलग से न कोई आकड़ें रखे जाते हैं, न संकलित किये जाते हैं ।

तेल की खोज के लिये किया गया सर्वेक्षण

2937. **श्री अजीत जोगी :**
श्री मूलचन्द मीणा :

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन राज्यों के नाम क्या हैं जहां पिछले तीन वर्षों के दौरान तेल की खोज के लिये सर्वेक्षण कराया गया था;

(ख) उन स्थानों के नाम क्या हैं, जहां तेल की खोज के लिये आदेश जारी किये गये हैं ; और

(ग) इन स्थानों से निकाले गये पेट्रोलियम पदार्थों की मात्रा कितनी है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा):(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान गुजरात, राजस्थान, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, पश्चिमी बंगाल, बिहार, त्रिपुरा, नागालैंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश व पश्चिमी और पूर्वी अपतटीय क्षेत्रों में भूकम्पीय सर्वेक्षण किये गये हैं ।

(ख) आठवीं योजना के अनुमोदित अन्वेषण कार्यक्रम के अनुसार तटवर्ती भाग में ऊपरी असम, असम-अकरान पश्चिमी बंगाल, हिमाचल की तराई और गंगाघाटी, राजस्थान कच्छ और सौराष्ट्र, कैम्बे, कृष्णा गोदावरी, कावेरी, विन्ध्य और गौदवाना की परतदार बेसिनों में तथा पश्चिमी और पूर्वी अपतटीय क्षेत्रों में भूकम्पीय सर्वेक्षण तथा अन्वेषण बैधन हाथ में लिया जाना अपेक्षित है ।

(ग) शीघ्र उत्पादन प्रणालियों के अन्तर्गत अल्प उत्पादन को छोड़कर गत तीन वर्षों में जिन क्षेत्रों में सर्वेक्षण और अन्वेषण कार्य शुरू किया गया है वहां से उत्पादन को स्थापित करना समयपूर्व होगा ।

Import Bills for Petroleum Products

2938. PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to refer to the answer to Unstarred Question 356 given in the Rajya Sabha on 23rd February, 1994 and state:

(a) what steps have been taken by Government to reduce the import bills of petroleum products; and

(b) what are the details of progress made in that direction?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (CAPTAIN SATISH SHARMA): (a) and (b)